आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–29 सितम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए देशवासियों को संबोधित करते हुए एक बार फिर उत्तर प्रदेश का जिक्र किया। उन्होंने जल संकट से निपटने के लिए देशभर में किये जा रहे जल संरक्षण के प्रयासों को लेकर प्रदेश के झांसी जनपद का उल्लेख किया। श्री मोदी ने गुरारी नदी को नया जीवन देने और पानी की बरबादी रोकने के लिए झांसी के सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं की जमकर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ग्रुप से जुड़ी महिलाओं ने जल सहेली बन कर इस अभियान का नेतृत्व किया।

झांसी बुंदेलखण्ड में है जिसकी पहचान पानी की किल्लत से जुड़ी है यहां झांसी में कुछ महिला गुरारी नदी को नया जीवन दिया है। ये महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं और उन्होंने जल सहेली बनकर इस अभियान का नेतृत्व किया है। इन महिलाओं ने मृतप्राय हो चुकी गुरारी नदी को जिस तरह से बचाया है उसकी किसी ने कल्पना तक नही की होगी। इन जल सहेलियों ने बोरियों में बालू भर के चेक डैम तैयार किया। बारिश का पानी बरबाद होने से रोका और नदी को पानी से लबालब कर दिया।

श्री मोदी ने कहा कि समूह की महिलाओं ने जिस तरह से मृतप्राय हो चुकी गुरारी नदी को बचाया है। उसकी किसी ने कल्पना भी नही की होगी। महिलाओं ने बोरियों में बालू भर कर चेकडैम तैयार किया। बारिश का पानी बरबाद होने से रोका और नदी को पानी से लबालब कर दिया। इनके इस प्रयास से क्षेत्र के लोगों की पानी की समस्या तो दूर हुई ही उनके चेहरे पर खुशियां भी लौट आयी।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गीडा क्षेत्र में वरूण बेवरेजेज की ओर से एक हजार एक सौ सत्तर करोड़ की लागत से स्थापित पेप्सिको के बाटलिंग प्लांट का लोकापर्ण किया। करीब उन्चास एकड़ क्षेत्रफल में स्थापित इस प्लांट में कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक एवं दुग्ध उत्पाद तैयार किये जाएगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं को उद्यमिता की ओर बढ़ने के लिए जोर दिया।

सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी के रूप में एक नई स्कीम लाने जा रही है। वो नई स्कीम है जो आज के प्रत्यक्ष में यदि कोई युवा अपना उद्यम स्थापित करना चाहता है तो पांच लाख रूपये तक का लोन इंट्रेस्ट फ्री देगें। यानि बिना ब्याज के लोन वह ले सकता है। पहले चरण में पांच लाख तक और दूसरे चरण में दस लाख तक के लोन को हम उसको ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाने में मदद करेंगे।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूकुल सोसाइटी की ओर से संचालित गुरूकुल विद्यालय में नव निर्मित कक्षाओं एवं स्मार्ट क्लास का भी लोकार्पण किया। इन कक्षाओं का निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण की ओर से किया गया। मुख्यमंत्री आज दोपहर बाद गोरखपुर के ही गीता वाटिका में आयोजित भाई जी हनुमान प्रसाद पोद्दार की 132वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में दो सौ से अधिक लोगों की समस्याए सुनी और अधिकारियों को उनका समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। श्री योगी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

****

हिन्दु साधु संतों पर विवादित टिप्पणी के मामले में गाजीपुर के सपा सांसद अफजाल अंसारी पर जिले के सदर कोतवाली में एफआइआर दर्ज की गयी है। यह मुकदमा चौकी प्रभारी गोरा बाजार की ओर से दर्ज कराया गया।

****

प्रयागराज से नागपुर जा रही बस कल देर रात मध्य प्रदेश के मैहर में डम्पर से टकरा गयी। इस दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गयी, जबकि बीस से अधिक लोग घायल हो गये। मरने वालों मे तीन यात्री उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के हैं। हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना जताई है साथ ही घायलों और पीड़ित परिवारो को हर संभव मद्द का आश्वासन दिया है।

****

प्रदेश के अधिकांश जिलों में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश से जन हानि के साथ ही फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। नेपाल की पहाड़ियों में भारी वर्षा होने और वाल्मिकि नगर बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण कुशीनगर जिले के खड्डा और तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के तटवर्ती गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ और बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में राहत बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के कई जिलों में अभी दो दिनों तक और बारिश के आसार हैं।

****